हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार 26 जून 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

4 आंकड़ों की बाजीगरी जांचने पंहुची एनजीटी की टीम, शुरु हुआ निरीक्षण



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (3 years) | Ophthalmic asst. (1 years)
साव्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
कुनकुरी 7580834000
अंबिकापुर 7440435000

## खबर संक्षेप

### जनहानि के एक माले पर 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम कुरकुरिया निवासी सुरेश कुमार का सर्पदेश से 26 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के पिता बिकुन राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सड़क दुर्घटना के एक मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जशपुर ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम कपरोल निवासी स्व.शीतल राम का ट्रेक्टर वाहन क्रमांक 475 डी सोल्ड से एक्सीडेन्ट होने से सड़क दुर्घटना में 22 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी स्वाती बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1 जून से अब 41.5 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 41.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 25 जून तक औसत वर्षा 113.0 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 0.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 27.8 मिमी, मनोरा में 44.7 मिमी, कुनकुरी में 35.0 मिमी, दुलदुला में 16.5 मिमी, फरसाबहार में 26.9 मिमी, बगीचा में 98.1 मिमी, कांसाबेल में 51.6 मिमी, पत्थलगॉव में 27.5 मिमी, सन्ना में 82.0 मिमी एवं बागबहार में 5.2 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

### ट्रेलर ने बाइक सवारों को रौंदा

**राजपुर।** बीती रात ट्रेलर व बाइक के बीच हुई भिंड़त में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। नगर से लगे ग्राम भेड़ाघाट के समीप लोहे का एंगल लोड ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर की रफ्तार इतनी अधिक थी कि दुर्घटना के बाद अनियंत्रित ट्रेलर पेड़ से जाकर टकराया और पेड़ उखड़ गया। वहीं घटना के बाद ट्रेलर चालक व क्लीनर में वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गए जिन्हे पुलिस ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया जहां चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि क्लीनर की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि झारखंड के गढ़वा निवासी रतन केशरी अपनी बड़ी मां उषा देवी के साथ बाइक क्रमांक जेच 14 आई 2024 से राजपुर में रहने वाले जीजा बबलू केशरी के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के आ रहा था। जबकि ट्रेलर क्रमांक बीआर 02 जीए 8161 अंबिकापुर की ओर से लोहे का एंगल लोड कर झारखंड की ओर जा रहा था। इस दौरान रात लगभग 11.30 बजे ऐसे ही बाइक सवार ग्राम भेड़ाघाट महान नदी के समीप पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद रतन केशरी और उषा देवी ट्रेलर के नीचे आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही कुचलने से मौत हो गई।

### किसान व ग्रामीणों में दहशत, विभाग कोई कदम नहीं उठा रहा

# नारायणपुर सर्किल के खेतों में जंगली हाथियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



खेतों में फसल चौपट करते हाथी।

- हाथियों के लगातार उत्पात से परेशान हैं किसान

जिले के जंगली इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बना हुआ है। जशपुर वनमंडल में कुनकुरी रेंज में आने वाले नारायणपुर सर्किल के रानीकोंबो के किसानों के खेतों में जंगली हाथियों का आतंक जारी है।

हाथियों द्वारा खेतों की फसलों को रौंद कर बरबाद करने का दर्द रानीकोम्बो के किसान ही समझ सकते है। 6 हाथियों का समूह नारायणपुर छेत्र में इस कदर आतंक मचाया है,कि किसानों को इससे छुटकारा पाने का कोई रास्ता ही नहीं सूझ रहा है। शाम होते ही हाथी जंगल से निकलकर खेतों में आ जाते है। रास्ते में आने जाने वालों राहगीरों को दौड़ाकर हमला करने की कोशिश भी करते है। हाथियों का झुंड जिस भी खेत में घुस जाता है उसे पूरी तरह बर्बाद करके ही निकलता है। वन क्षेत्र के आसपास के खेतो की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। क्षेत्र के लोग पिछले कई महीनों से परेशान हो रहे है। लोगों द्वारा हाथी भागने का प्रयास करने पर हाथियों के हमले का खतरा बना रहता है। क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त है। खेती का समय है खेतों में काम करते हुए किसानों पर हमला कर सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार वन विभाग के अधिकारियों से इस बात की शिकायत की गई,लेकिन वन विभाग के अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। अगर किसी प्रकार की दुर्घटना हो जाति है तो विभाग मुआवजे का प्रकरण बना कर इतिश्री कर लेगा। घटना होने के पहले ही हाथियों को रोकने की जरूरत है और यह काम वन विभाग का है।

# जिला प्रशासन की अभिनव पहल, पुणे की प्राइम एकेडमी में जेईई व नीट की निःशुल्क तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



बच्चों को संबोधित करते कलेक्टर रवि मित्तल।

- आईआईटी में सेलेक्ट हो सकेंगे अधिक छात्र

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल की पहल पर जेईई कीं कोचिंग कराने वाली पुणे की प्रतिष्ठित प्राइम एकेडमी संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के विद्यार्थियों को जेईई और नीट की निःशुल्क तैयारी कराएगी।

ऑनलाइन कोचिंग के साथ हर महीने प्राइम एकैडमी से अलग-अलग फैकल्टी के एक्सपर्ट जशपुर आकर ऑफलाइन विद्यार्थियों को कोचिंग करायेगें। इसके लिए प्राइम अकैडमी पुणे और संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के बीच अनुबंध हुआ है। प्राइम अकैडमी के फाउंडर डायरेक्टर ललित कुमार अभी जशपुर आए हुए हैं। सोमवार से भौतिकी की तैयारी संकल्प में उनके द्वारा कराई जा रही है। ललित कुमार ने 2002 में आईआईटी बॉम्बे से इलेक्ट्रिकल में बीटेक की डिग्री प्राप्त की है। प्राइम एकेडमी के 2500 से अधिक विभिन्न आईआईटी संस्थानों में चयनित विद्यार्थियों के मेंटरशिप का उन्हें अनुभव है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण और अनुसचित जिलों में सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को अपनी सामाजिक सरोकार समझाते समझते हुए संकल्प संस्था जशपुर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के उद्देश्य से जेईई और नीट की तैयारी निशुल्क कराना चाहती है। संकल्प के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर साल बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन होता है। लेकिन आईआईटी में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या का प्रतिशत कम रहता है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों की संकल्प के शिक्षकों से कोचिंग के साथ प्राइम अकैडमी के एक्सपर्ट के द्वारा भी मेंटरिंग और प्रैक्टिस कराया जाना है। हम चाहते हैं कि आईआईटी में प्रवेश की संख्या बढ़ाने के लिए बच्चों की तैयारी सूक्ष्मता से हो। प्राइम एकैडमी के द्वारा अध्यापन के साथ टीचिंग और लर्निंग मटेरियल भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा और जेईई के नए पैटर्न पर टेस्ट भी आयोजित कराए जाएंगे। संकल्प के विद्यार्थियों के साथ हर साल यहां आकर क्रैश कोर्स करने वाले विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पूजा शर्मा, रेडसीयर फ़ाउंडेशन की डायरेक्टर ने कहा है कि इस प्रोजेक्ट के तहत ऐसे ⏭ शेष पेज 4 पर

# निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी को सम्मानित करते कलेक्टर।

- कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रशंसा के पात्र बताया

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने विधानसभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने दायित्वों के साथ-साथ निर्वाचन संबंधी कार्य में उत्कृष्ठ कार्य के लिए जिला समन्वयक एवं जिला रेडक्रास अधिकारी रूपेश कुमार पाणिग्राही और स्थानीय निर्वाचन शाखा के सहायक अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद चौहान को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया है।

कलेक्टर ने इन्हें उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रशंसा के पात्र हैं बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा की है। जिला रेडक्रास अधिकारी पाणिग्राही द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने दायित्वों के साथ-साथ निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त पत्रों का सारणीकरण करना, सहायक नोडल अधिकारी, डाक मतपत्र, मतदान दिवस के दिन 2-2 घण्टे में रिर्पोटिंग, मतगणना दिवस पर परिणाम संकलन का कार्य एवं समय-समय पर सौंपे गये निर्वाचन संबंधी कार्यो का रिर्पोटिंग कर सुचारू ⏭ शेष पेज 4 पर

# छात्र आयुष आईआईटी-खड़गपुर के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



माता पिता व छोटी बहन के साथ आयुष।

- पहले प्रयास में बने टॉपर, बढ़ाया प्रदेश का मान

बीई व बीटेक में प्रवेश के लिए आयोजित जेईई मेंस और जेईई एडवांस्ड परीक्षा में जशपुर के छात्र आयुष कुमार साहू ने सफलता हासिल की है।

विगत दिनों घोषित हुए जेईई एडवांस्ड परीक्षा-2024 के परिणाम में जशपुरनगर के छात्र आयुष कुमार साहू ने सफलता हासिल कर पूरे जिले समेत प्रदेश का नाम रौशन किया है। आयुष की इस सफलता से उनके परिवार में जश्न का माहौल है। वही आयुष को इस सफलता के लिए कलेक्टर डॉ रवि मित्तल और सीईओ अभिषेक कुमार ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। जेईई एडवांस्ड में एआईआर रैंक 3664 अंक के साथ आयुष ने सफलता हासिल की है। इस बेहतर रैंक के साथ आयुष का देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में से एक आईआईटी-खड़गपुर में चयन हो गया है।

छात्र आयुष कुमार ने जेईई एडवांस्ड में 360 में 184 अंक प्राप्त किए है। आयुष ने बताया कि वह 12वीं की पढ़ाई के साथ ही जेईई के लिए राजस्थान में कोचिंग ले रहा था। जेईई मेंस उन्होंने 99.30 परसेंटाइल और जेईई एडवांस्ड में 667 कैटेगरी रैंक के साथ ऑल इंडिया स्तर पर 3664 रैंक हासिल की है। आयुष ने सफलता का श्रेय अपने माता- पिता, अभिभावकों व गुरुजनों को दिया है।

पिता नकुल साहू और माता श्रीमती सरिता साहू ने बेटे की इस सफलता पर खुशी जताई। पिता ने कहा कि आयुष बचपन से ही होनहार है, 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में भी आयुष ने बेहतर सफलता हासिल किया था] परिवार में खुशी का माहौल है और एक पिता के नाते अपने बेटे पर मुझे गर्व है। आयुष के पिता नकुल साहू जिला अस्पताल में कार्यरत हैं और माता आत्मानंद हिंदी मीडियम में शिक्षिका है। उनकी एक बहन है जो की अभी कक्षा 8वीं में अध्यनरत है। आयुष साहू शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं उनकी शुरुआती शिक्षा कक्षा पहली से पांचवी तक केंद्रीय विद्यालय जशपुर में हुई। इसके बाद उन्होंने सैनिक स्कूल अंबिकापुर में पांचवी से दसवीं तक की शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद आयुष कोटा के एलेन कोचिंग सेंटर मे जेईई मैंस और एडवांस की तैयारी के लिए गए और वहां ग्लोबल इंग्लिश मीडियम स्कूल कोटा में 12वीं की शिक्षा ग्रहण करते हुए इन्होंने इस वर्ष 2024 के जेईई मेंस की परीक्षा में 99.30 परसेंटाइल और जेईई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 3664 हासिल प्राप्त किए।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार


**जशपुरनगर।** पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। 17 वर्षीय एक नाबालिग लड़की ने चाईल्ड लाईन के साथ 20 जून को सिटी कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसके मां-पिता किसी प्रकरण में जेल में बंद हैं। वह एक जून को अपने मां-पिता से मिलने अपने गांव से जशपुर आई थी। इस दौरान वहां उससे होटल संचालक मनोज कुमार गुप्ता उर्फ गोविन्दा मिला एवं आने का कारण पूछा तो नाबालिग लड़की ने उसे बताई कि छोटा-मोटा घरेलू कार्य तलाश रही हूं। इस पर मनोज ने अपने घर एवं होटल में कार्य करने के लिये अपने पास रख लिया और अपने घर ले जाकर अनाचार करता रहा, युवती की शिकायत पर पुलिस ने मनोज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।



## अपहरण व दुष्कर्म के अलग-अलग मामलों में पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** पुलिस ने नाबालिगों का अपहरण व दुष्कर्म के अलग अलग दो मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला कुनकुरी व सन्ना थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक थाना कुनकुरी एवं थाना सन्ना क्षेत्र की एक-एक नाबालिग गुम बालिका की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा विभिन्न टीम का गठन कर बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था। साथ ही वह स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे थे। पतासाजी के लिए सायबर सेल एवं मुखबिर को भी लगाया गया था। पहले प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना कुनकुरी क्षेत्र निवासी 48 वर्षीय पिता ने 5 जून को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 23 मई से घर में बिना किसी को बताए कहीं चली गई है। प्रार्थी को आशंका है कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। प्रार्थी की




रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि प्रकरण का संदेही दुर्योधन राम अपने घर से गायब है एवं उसके रायगढ़ तरफ होने की संभावना है। पुलिस सायबर सेल एवं मुखबिर की सूचना पर रायगढ़ जाकर अपहता की पतासाजी कर रही थी, इसी दौरान पूंजीपथरा क्षेत्र में संदेही दुर्योधन राम के मिलने पर उसे अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में उसके द्वारा नाबालिग को अपने पास रखना बताने पर अपहता को बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ करने पर पीड़िता बताई कि उसे दुर्योधन राम ने 23 मई को झांसा ⏭ शेष पेज 4 पर

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**खास बात**
- स्कूलों में शिक्षकों के पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने जिला शिक्षा अधिकारी को दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी ली तथा लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को 26 जून से स्कूल प्रारंभ हो रहे हैं।

शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी की जानकारी ली उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शाल प्रवेश उत्सव तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के स्कूलों में लंबित शिक्षकों के पदोन्नति की जानकारी ली तथा पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशदिए। उन्होंने जिले के अस्पतालों में बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो इसके लिए उन्होंने समय-समय पर राजस्व अमला को पीएचसी, सीएचसी एवं जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उन्होंने शिक्षा विभाग एवं एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से छात्रावास आश्रम, शौचालय, बाउंड्री वॉल मरम्मत कार्य जैसे समस्याओं का आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जहां जहां पानी की समस्या है वहां निराकरण करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। खरीफ मौसम में किसानों को समय पर खरीफ, बीज और खाद उपलब्ध करायी जाए। किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उन्होंने केसीसी कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिए।उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण को प्राथमिकता देने कहा। नामांतरण, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरण प्रकरण समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू,सर्व एसडीएम सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सभी सीएचओ को एनसीडी स्कैनिंग शतप्रतिशत करने के निर्देश

# खण्ड चिकित्सा अधिकारियों की बैठक में स्वास्थ्य कर्मी पुरस्कृत



**खास बात**
- एनसीडी प्लस सर्वे में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने पर उप स्वास्थ्य कोतबा एवं पतराटोली के स्वास्थ्यकर्मी हुए पुरस्कृत

**जशपुरनगर।** खण्ड चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी सीएचओ को एनसीडी स्कैनिंग को शत प्रतिशत करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान उप स्वास्थ्य कोतबा के परमेश्वर कर्ष एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र पतराटोली के आरती टांडे को एनसीडी प्लस सर्वे में शत प्रतिशत उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार 85 प्रतिशत से ऊपर उपलब्धि हेतु उप स्वास्थ्य केन्द्र सराईटोला के डिंपल यादव और उप स्वास्थ्य केन्द्र गाला के किरण पटेल को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी सीएचओ को सर्वे कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है। बैठक में विकासखंड डाटा प्रबंधक द्वारा इंसेंटिव पोर्टल में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। आईडीएसपी, एनसीडी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल में नियमित एंट्री हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया और सीएचओ को मुख्यालय में रहकर सभी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन करने के निर्देश दिए गए।

# राजपुर वन से राजस्व ग्राम में शामिल

- 20 कृषकों को मिलेगा भूमि स्वामी हक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने 24 जून 2024 को हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा जारी कर जशपुर जिले के तहसील बगीचा के ग्राम राजपुर को असर्वेक्षित ग्राम होने के कारण छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 67 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन द्वारा जशपुर जिले के तहसील बगीचा के ग्राम राजपुर वन से राजस्व ग्राम होने के कारण राजस्व सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन ग्राम से राजस्व ग्राम वर्ष 2024 से घोषित कर पूर्व अधीक्षक श्री संदीप गुप्ता एवं वर्तमान प्रभारी सहायक अधीक्षक पूजा सोनी के द्वारा पांच चरणों में कार्य कर ग्राम की सीमा से लेकर सभी कृषक के प्रत्येक खसरा नम्बर के सीमा व क्षेत्रफल भूमि स्वामी का निर्धारण कर अथक प्रयास से ग्राम राजपुर, पहनं 25, राजस्व निरीक्षण मण्डल सरबकोम्बो तहसील बगीचा का प्रारंभिक प्रकाश 03 अक्टूबर 2023 को किया गया था। जिसमें किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ। उक्त ग्राम का राजस्व अभिलेख तैयार कराया गया था, जिसमें पूर्ण जांच उपरांत ग्राम में मकबूजा कुल खसरा नम्बर 71 एवं रकबा 63.271 हेक्टेयर एवं गैरमकबूजा कुल खसरा नम्बर 17 रकबा 160.363 हेक्टेयर ग्राम का कुल खसरा नम्बर 88 रकबा 223.634 हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। कुल 20 कृषकों को भूमि स्वामी हक दिया है। अंतिम प्रकाशन के पश्चात राजस्व ग्राम में शामिल होने पर गांव वाले उत्साहित है।



